

# जायसवाल ने ठोका शतक

## भारत को इंग्लैंड के खिलाफ मिली 281 रन की बढ़त

**लंदन, 2 अगस्त (वार्ता) सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (118) के शानदार शतक से भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम टेस्ट के तीसरे दिन शनिवार को चायकाल तक छह विकेट पर 304 रन बनाकर 281 रन की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल कर ली।**

जायसवाल ने 164 गेंदों पर नाबाद 118 रन में 14 चौके और दो छक्के लगाए। नाईट वॉचमैन आकाशदीप ने 94 गेंदों पर 12 चौकों की मदद से 66 रन बनाये। भारत के पास अब 281 रनों की लीड हो गयी है। यह स्कोर बड़ा जरूर दिख रहा है लेकिन यहां से भारत को कम से कम 100 रनों की जरूरत है। यह सेशन मिला-जुला रहा। इस सेशन में कुल 115 रन बने और तीन विकेट भी गिरे। इंग्लैंड चाहेगा कि भारत यहां से 50 से ज्यादा रन न बनाए लेकिन नई गेंद अभी भी 9 ओवर दूर है, जो भारत के लिए अच्छी बात है।

केनिंग्टन ओवल टेस्ट में यशस्वी जायसवाल ने शतक जड़ दिया है. जायसवाल ने पांचवें टेस्ट की दूसरी पारी में सिर्फ 127 गेंद में शतक लगाया. इस दौरान जायसवाल के बल्ले से 11 चौके और दो छक्के निकले. इस सीरीज की यह 19वीं सेंचुरी रही, जिससे एक बड़ा रिकॉर्ड बन गया है.



### सीरीज में 19वीं सेंचुरी से बना बड़ा रिकार्ड

भारत और इंग्लैंड की टेस्ट सीरीज में अब तक 19 शतक लग चुके हैं. जायसवाल ने 19वीं सेंचुरी जड़ी. इस सीरीज में जायसवाल का यह दूसरा शतक है. वहीं टीम इंडिया की 12वीं सेंचुरी है. वहीं इंग्लैंड की तरफ से सीरीज में सात शतक लगे हैं. एक सीरीज में सबसे ज्यादा व्यक्तिगत शतक के मामले में यह सीरीज टेस्ट क्रिकेट में तीसरे नंबर पर आ गई है. इससे पहले 1955 में ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के बीच सीरीज में 21 शतक लगे थे. वहीं 2003-04 में वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के बीच टेस्ट सीरीज में 20 शतक लगे थे. भारत और इंग्लैंड के बीच सीरीज में 19 शतक लग चुके हैं, और अभी इंग्लैंड की पारी बाकी है. वहीं भारत के भी 5 विकेट ही गिरे हैं. इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में भारत की तरफ से अब तक 12 शतक लग चुके हैं. टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में ऐसा चौथी बार हुआ है, जब किसी टीम ने एक सीरीज में 12 शतक लगाए हैं. संयुक्त रूप से एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा शतक लगाने का रिकॉर्ड अब ऑस्ट्रेलिया, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका और भारत के नाम है. सभी ने एक सीरीज में 12-12 शतक लगाए हैं.

### अचानक इंग्लैंड पहुंचे रोहित शर्मा

भारतीय टेस्ट टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ऐसे समय में लंदन पहुंचे हैं, जब भारत और इंग्लैंड के बीच सीरीज का पांचवां टेस्ट मैच खेला जा रहा है. केनिंग्टन ओवल के मैदान से रोहित शर्मा का वीडियो भी सामने आया है. रोहित शर्मा ओवल में मैच खेलने नहीं, बल्कि देखने गए हैं. रोहित शर्मा ने मैदान के बाहर पहुंचकर अपनी टिकट चेक कराई और मैदान में एंट्री ली.

### पाक से क्रिकेट पर शिवसेना का विरोध

**जम्मू, 2 अगस्त (वार्ता)** शिवसेना (यूबीटी) की जम्मू-कश्मीर इकाई ने बीसीसीआई द्वारा आगामी एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ खेलने के लिए सहमति जताए जाने का आज विरोध किया। उन्होंने कहा कि पिछले चार दशकों से आतंकवाद का गंदा खेल खेल रहे पाकिस्तान के साथ खेल संबंध बहाल करना देश की जनभावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला कदम होगा। जम्मू कश्मीर शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष मनीष साहनी ने कहा, जब जल और वायु क्षेत्र को रोका जा सकता है, तो खेल संबंध क्यों?

# दलीप ट्रॉफी में शमी की दमदार वापसी

## मोहम्मद शमी को ईस्ट जोन की टीम में किया गया शामिल

**कोलकाता, 2 अगस्त (वार्ता) भारत और बंगाल के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी एक बार फिर मैदान में वापसी करने वाले हैं। शमी को ईस्ट जोन के दल में दलीप ट्रॉफी 2025-26 के लिए शामिल किया गया है।**

इशान किशन सितारों से भरे हुए इस दल की कप्तानी करेंगे। 15 सदस्यीय दल में आकाश दीप, मुकेश कुमार और रियान पराग. अभिमन्यु ईश्वरन जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। ईश्वरन को इस दल का उप-कप्तान बनाया गया है। 34 वर्षीय शमी आख़िरी बार आईपीएल 2025 में खेले थे, जहां



उन्होंने अपनी नई टीम सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के लिए नौ पारियों में छह विकेट लिए थे। उनका पिछला लाल गेंद का मैच नवंबर 2024 में बंगाल के लिए रणजी ट्रॉफी में था। एसआरएच में शमी के साथी किशन, फिलहाल काउंटी स्पर्धा में नॉटिंघमशायर के लिए दो अर्धशतक लगाकर वापसी कर रहे हैं।

इशान किशन (कप्तान), अभिमन्यु ईश्वरन (उप-कप्तान), संदीप पटनायक, विराट सिंह, डेनिश दास, श्रीदाम पॉल, शरणदीप सिंह, कुमार कुशाग्र, रियान पराग, उत्कर्ष सिंह, मनीषी, सूरज सिंधु जायसवाल, मुकेश कुमार, आकाश दीप, मोहम्मद शमी. **स्टैंड बाय-** मुख़्तार हुसैन, आशीर्वाद स्वैन, वैभव सूर्यवंशी, स्वास्तिक सामल, सुदीप कुमार घरामी, राहुल सिंह.

# बुमराह एशिया कप में नहीं खेलेंगे?

## वक़लोड के तहत हो सकते हैं बाहर

**नई दिल्ली 2 अगस्त. वर्कलोड के तहत बुमराह एशिया कप से भी बाहर हो सकते हैं. बता दें कि 2025 एशिया कप टी20 फॉर्मेट में खेला जाएगा.**

दरअसल, एशिया कप का फाइनल 29 सितंबर को खेला जाएगा. वहीं 2 अक्टूबर से टीम इंडिया को वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेलनी है. ऐसे में वह एशिया कप मिस कर सकते हैं. बीसीसीआई के सूत्र के हवाले से अपनी रिपोर्ट में लिखा, यह मुश्किल फैसला होगा. बुमराह को टेस्ट क्रिकेट पसंद है और वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के अंक भी दांव



पर लगे हैं. जहां तक टी20 का सवाल है तो वह जनवरी में न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में खेल सकते हैं, जो टी20 विश्व कप के लिए ड्रेस रिहर्सल होगा.

### अफगान बल्लेबाज उस्मान गनी ने रचा इतिहास ECS T10 में बना डाला विश्व रिकॉर्ड

ECS T10 इंग्लैंड टूर्नामेंट में 1 अगस्त को लंदन काउंटी क्रिकेट क्लब और गिल्डफोर्ड के बीच मुकाबला खेला गया. लंदन की ओर से ओपनिंग करने उतरे उस्मान गनी ने गिल्डफोर्ड के गेंदबाज विल एर्नी के ओवर में तबाही मचा दी. गनी ने एक ओवर में 6+ नो बॉल, 6, 4+वाइड, 6, 4+नो बॉल, 6, 0, 6, 4 की स्ट्राइकिंग से कुल 45 रन बटोर लिए. इस ओवर में बल्लेबाज ने अकेले



42 रन बनाए, जबकि 3 रन एक्स्ट्रा (2 नो बॉल और 1 वाइड) के रूप में आए. इससे पहले किसी बल्लेबाज ने एक ओवर में इतने रन नहीं बटोरे थे. यह अब तक का प्रोफेशनल क्रिकेट में सबसे महंगा ओवर बन गया है. मैच में उस्मान गनी पूरी तरह लय में दिख रहे थे. उन्होंने 43 गेंदों में नाबाद 153 रन बनाए, जिसमें 11 चौके और 17 छक्के शामिल थे. लंदन काउंटी ने 10 ओवर में 226/0 का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया था. लक्ष्य का पीछा करने उतरी गिल्डफोर्ड की टीम इतने विशाल लक्ष्य का सामना नही कर पायी और पूरी टीम माझ 155 रन ही बना सकी और 71 रन से मैच हार गई. उनके कोई भी बल्लेबाज अर्धशतक तक नहीं पहुंच पाया.

# सेवस्तोवा ने जेसिका पेगुला की बादशाहत की खत्म

## 386वीं रैंकिंग की खिलाड़ी ने डब्ल्यूटीए ओपन में किया उलटफेर



**मॉन्ट्रियल, 2 अगस्त . लातविया की अनास्तासिजा सेवस्तोवा ने दो बार की मौजूदा चैंपियन जेसिका पेगुला को 3-6, 6-4, 6-1 से हराकर शुक्रवार को डब्ल्यूटीए कैनेडियन ओपन के चौथे दौर में प्रवेश किया।**

इस जीत के साथ उन्होंने चौथी वरीयता प्राप्त पेगुला की 11 मैचों की लगातार जीत के सिलसिले को खत्म कर दिया। पूर्व विश्व नंबर 11, जो अब 386वें स्थान पर हैं,

सेवस्तोवा ने इस जीत के बाद राउंड ऑफ 16 में नाओमी ओसाका से भिड़ेंगी। जापान की ओसाका, जो चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन हैं, ने लातविया की ही एक अन्य खिलाड़ी, 22वीं वरीयता प्राप्त येलेना ओस्टापेंको को 6-2, 6-4 से हराया, वहीं, दूसरी वरीयता प्राप्त इगा स्वियाटेक ने जर्मनी की इवा लिस को 6-2, 6-2 से हराकर चौथे दौर में प्रवेश किया।

### फ्रिट्ज और टियाफो चौथे दौर में


**टोरंटो.** दूसरे वरीय अमेरिकी टेनिस खिलाड़ी टेलर फ्रिट्ज ने कैनेडियन ओपन के तीसरे दौर में कनाडा के गैब्रियल डियालो को 6-4, 6-2 से हराकर चौथे दौर में अपनी जगह पक्की कर ली। फ्रिट्ज अब चेक गणराज्य के 19वें वरीय जिरी लेहेका का सामना करेंगे, जिन्होंने 15वें वरीय फ्रांस के आर्थर फिल्स को 3-6, 6-3, 6-4 से हराया। एक अन्य मैच में, चौथे वरीय बेन शेल्टन ने हमवतन ब्रैंडन नकाशिमा को 6-7 (8), 6-2, 7-6 (5) से हराकर कड़े मुकाबले में जीत हासिल की। दिन के शुरुआती मैच में, छठे वरीय रूसी खिलाड़ी एंड्री रुबलेव ने इटली के लोरेंजो सोनेगो को 5-7, 6-4, 6-3 से शिकस्त दी। वहीं, सातवें वरीय अमेरिकी खिलाड़ी फ्रांसेस टियाफो ने ऑस्ट्रेलिया के अलेक्जेंडर वुकिच को 6-3, 4-6, 6-3 से हराकर वॉशिंगटन के विजेता ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनौर के साथ मुकाबला तय किया।

### भारत ने विश्व कुश्ती में अंडर-17 महिला टीम का जीता खिताब

**नयी दिल्ली, 2 अगस्त (वार्ता)** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने आज कहा कि भारत ने विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में अंडर-17 महिला टीम का खिताब जीत लिया है। डब्ल्यूएफआई ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर यह घोषणा करते हुए लिखा, भारत ने 151 अंकों के साथ विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में अंडर-17 महिला टीम का खिताब जीता। अमेरिका (दूसरे) और जापान (तीसरे) स्थान पर रहा। डब्ल्यूएफआई के अनुसार भारतीय महिला कुश्ती टीम ने दो स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य सहित कुल छह पदक जीते।

### धनश्री से तलाक पर पहली बार बोले युजवेंद्र चहल- मैंने किसी को धोखा नहीं दिया

**नई दिल्ली.** भारतीय क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और धनश्री की शादी साल 2020 में हुई थी. शादी के बाद इन दोनों का रिश्ता केवल पांच सालों तक चला और 2025 में चहल-धनश्री ने एक-दूसरे से अलग होने का फैसला कर लिया. धनश्री से तलाक के बाद चहल ने पहली बार इस रिश्ते पर बयान दिया है. युजवेंद्र चहल ने कहा कि मैंने आज तक कभी किसी को धोखा नहीं दिया. चहल ने कहा कि जब मेरे तलाक के वक्त बात हो रही थी और मुझे चीटर (धोखेबाज) कहा जा रहा था, वो सब मुझे बहुत बुरा लगा. चहल



ने आगे कहा कि मैं एक ऐसा इंसान हूं, जिसने कभी किसी को धोखा नहीं दिया, मेरे जैसा रॉयल इंसान तो कहीं मिलेगा भी नहीं. युजवेंद्र चहल ने आगे बताया कि अपनों के लिए मैं हमेशा दिल से सोचता हूं. मैंने कभी किसी से कुछ मांगा नहीं, मैंने हमेशा दिया है. मेरे घर में भी मेरी दो बहन हैं, मेरी फैमिली ने हमेशा मुझे अच्छी चीजें सिखाई हैं, मेरे आस-पास के लोगों ने मुझे बहुत सिखाया है. चहल ने बताया कि लोग ये सोचते हैं कि आखिर ये इतना खुश कैसे है, तब वो आपके ऐसा सबकुछ बोलते हैं. वो देखते हैं कि आपने कोई पोस्ट नहीं डाला, अरे भई ये मेरी पर्सनल लाइफ है, मैं क्या डालता हूं ये मेरी मर्जी है.


### एक नजर में



#### डूरंड कप में लद्दाख का ऐतिहासिक आगाज़

**चेन्नई.** डूरंड कप 2025 में पहली बार खेल रही 1 लद्दाख एफसी ने अपने ऐतिहासिक पदार्पण मैच में ही नेपाल की अनुभवी टीम त्रिभुवन आर्मी एफसी को 1-1 से बराबरी पर रोककर शानदार शुरुआत की है। जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेले गए इस ग्रुप-सी के मुकाबले में लद्दाख के डिफेंडर सिज़ू ने टीम के लिए पहला और ऐतिहासिक गोल किया। मैच के 23वें मिनट में 1 लद्दाख एफसी के डिफेंडर सिज़ू ने कॉर्नर किक पर हेडर से गोल दागकर इतिहास रच दिया। यह गोल डूरंड कप के इतिहास में किसी लद्दाखी खिलाड़ी द्वारा किया गया पहला गोल था। इस गोल के बाद 1 लद्दाख की टीम बढ़त पर आ गई, लेकिन पहले हाफ के समाप्त होने से ठीक पहले, त्रिभुवन आर्मी के खिलाड़ी निरंजन धामी ने एक शानदार पलटवार करते हुए गोल दागकर स्कोर को 1-1 से बराबर कर दिया।

#### सोन ह्यूंग-मिन ने टॉटनहैम छोड़ा



**चेन्नई.** टॉटनहैम हॉटस्पर के कप्तान सोन ह्यूंग-मिन ने शनिवार को घोषणा की कि वह क्लब में 10 साल बिताने के बाद इसे छोड़ रहे हैं, जबकि उनका अनुबंध 2026 तक था। दक्षिण कोरियाई फॉरवर्ड 2015 में बायर लेवरकुसेन से उत्तरी लंदन क्लब में शामिल हुए थे और हाल ही में मई में मैनचेस्टर यूनाइटेड को हराकर यूईएफए यूरोपा लीग फाइनल में टीम को जीत दिलाई, जिससे क्लब को 17 साल बाद अपनी पहली ट्रॉफी मिली। 33 वर्षीय सोन टॉटनहैम में अपने कार्यकाल का अंत क्लब के चौथे सबसे अधिक गोल करने वाले खिलाड़ी के रूप में करेंगे, जिन्होंने कुल 173 गोल दागे हैं। उनसे आगे सिर्फ हैरी केन (280), जिमी ग्रीव्स (260) और बॉबी स्मिथ (211) हैं।

# हरमीत देसाई डब्ल्यूटीटी से हुए बाहर

**चेन्नई, 2 अगस्त.भारतीय पैडलर हरमीत देसाई का ब्राजील में डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर फोज डू इगुआकू अभियान शनिवार को समाप्त हो गया। उन्हें राउंड ऑफ 16 के मैच में दक्षिण कोरिया के ओह जुन-सुंग के हाथों 1-3 से हार का सामना करना पड़ा।**

लगभग 30 मिनट तक चले इस मुकाबले में

### दक्षिण कोरिया के जुन-सुंग ने 3-1 से हराया

हरमीत को चौथे वरीय जुन-सुंग के खिलाफ 1-3 से हार मिली। भारतीय खिलाड़ी पहले गेम में लगातार पांच अंक गंवाने के बाद 3-11 से पिछड़ गए। दूसरे गेम में उन्होंने बेहतर प्रदर्शन किया, लेकिन जुन-सुंग ने 11-8 से जीतकर मैच में 2-0 की बढ़त बना ली।

हरमीत ने तीसरे गेम में 11-9 की जीत के साथ वापसी की कोशिश की, लेकिन जुन-सुंग ने चौथे गेम में 11-5 से जीत दर्ज करते हुए क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की कर ली।



दिन में बाद में, अन्य भारतीय एकल खिलाड़ी मनिका बत्रा और मनुष शाह अपने-अपने राउंड ऑफ 16 मैचों में चुनौती पेश करेंगे। इसके अतिरिक्त, शीर्ष वरीयता प्राप्त पुरुष युगल जोड़ी मनुष और मानव ठक्कर फाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त जर्मनी की बेनेडिक्ट डूडा और डांग किउ की जोड़ी से भिड़ेगी।

# अजय सिंह ने बीएफआई अध्यक्ष पद छोड़ा

## फेरुज मोहम्मद बने नए अंतरिम अध्यक्ष

**नई दिल्ली, 2 अगस्त।** भारतीय मुक्केबाजी के अंतरिम समिति के अध्यक्ष अजय सिंह ने इस महीने होने वाले महासंघ के चुनावों में भाग लेने के लिए अपने पद से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे दिया

**21 अगस्त को होंगे बीएफआई चुनाव**

है। उनके इस्तीफे के बाद विश्व मुक्केबाजी के अध्यक्ष बोरिस वैन डेर वोर्स्ट चुनाव में पर्यवेक्षक के रूप में शामिल होंगे।

अजय सिंह ने यह कदम



सिंह ने 1 अगस्त को वैन डेर वोर्स्ट को लिखे एक पत्र में कहा, चूंकि मैं आगामी चुनाव लड़ना चाहता हूं, इसलिए मुझे लगता है कि निष्पक्षता और पारदर्शिता के हित में यह उचित है कि मैं अंतरिम समिति के अध्यक्ष पद से तत्काल प्रभाव से हट जाऊं।

अंतरिम समिति द्वारा 21 अगस्त को चुनाव की तारीख की औपचारिक घोषणा के एक दिन बाद उठाया है।

उनके स्थान पर, अंतरराष्ट्रीय निकाय ने सिंगापुर मुक्केबाजी के अध्यक्ष फेरुज मोहम्मद को नया अंतरिम समिति अध्यक्ष नियुक्त किया है। मोहम्मद पहले पैनल में विश्व मुक्केबाजी के पर्यवेक्षक के रूप में कार्यरत थे।


विश्व मुक्केबाजी ने पुष्टि की है कि वैन डेर वोर्स्ट और कार्यवाहक महासचिव माइक मैकेटी चुनावों के दौरान पर्यवेक्षक के रूप में मौजूद रहेंगे।

**जम्बो की खेल क्रांति** | **कुंबले और तेलंगाना सरकार ने किया समझौता, कुश्ती, कबड्डी, एथलेटिक्स जैसे खेलों पर फोकस**

# 1 .5 लाख छात्रों को मिलेगा ओलंपिक खेलों में प्रशिक्षण

**हैदराबाद, 2 अगस्त (वार्ता)** तेलंगाना सरकार ने पूर्व भारतीय क्रिकेटर और टेनविक के संस्थापक अनिल कुंबले के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसका उद्देश्य शिक्षा, खेल विज्ञान और खेल प्रतिभा पहचान को मिलाकर एक संरचित ढांचा तैयार करना है।

इस समझौता ज्ञापन पर अनिल कुंबले, तेलंगाना के खेल मंत्री, वक्ति श्रीहरि, सैटजी के अध्यक्ष, शिवसेना रेड्डी, जयेश रंजन, विशेष मुख्य सचिव, पर्यटन, संस्कृति और खेल, तेलंगाना; सोनीबाला देवी, उपाध्यक्ष और सैटजी की प्रबंध निदेशक; और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। खेल मंत्री वक्ति श्रीहरि ने कहा कि यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के राज्य में युवा विकास के लिए खेल और शिक्षा को प्रमुख प्रेरक बनाने के दृष्टिकोण के अनुरूप है। मंत्री ने कहा, %%यह सहयोग खेल प्रतिभाओं की पहचान और पोषण में मदद करेगा, साथ ही यह सुनिश्चित करेगा कि छात्र खेल और खेल विज्ञान के साथ शिक्षा में संतुलन बनाए रखें। यह तेलंगाना को भविष्य के ओलंपिक चैंपियनों का केंद्र बनाने की दिशा में एक कदम है।



अनिल कुंबले ने कहा, केवल प्रतिभा ही पर्याप्त नहीं है - अवसर पैदा करना ज्यादा महत्वपूर्ण है। इस पहल के माध्यम से, हमारा लक्ष्य तेलंगाना में युवा एथलीटों के लिए एक मंच प्रदान करना, कोचों को कुशल बनाना और एक ऐसा केंद्र बिंदु बनाना है जो तेलंगाना को भारत में खेलों को बढ़ावा देने वाले अग्रणी राज्यों में से एक बनाने में मदद करेगा। दूसरे चरण में, प्रतिभा पूल का विस्तार करने के लिए पांच अतिरिक्त ओलंपिक खेलों को शामिल किया जाएगा। चरण 1 को तुरंत लागू किया जाएगा, और अनिल कुंबले जैसे खेल लीडर के साथ प्रतिभा की पहचान और क्षमता निर्माण की यह पहल तेलंगाना में खेल क्रांति को जन्म देने की क्षमता रखती है।

इस पहल के तहत 238 सामाजिक कल्याण स्कूलों से युवा प्रतिभाओं की खोज की जाएगी और पहले चरण में पांच ओलंपिक खेलों - कुश्ती, कबड्डी, वॉलीबॉल, एथलेटिक्स और भारोत्तोलन - में 1,50,000 छात्रों को लाभान्वित करने की उम्मीद है। चयनित एथलीट शैक्षणिक विकास के साथ-साथ राज्य के तीन उत्कृष्टता केंद्रों में प्रशिक्षण लेंगे। यह कार्यक्रम आधुनिक प्रशिक्षण और खेल विज्ञान तकनीकों के साथ शारीरिक शिक्षा शिक्षकों को उन्नत करने पर भी केंद्रित होगा।

### गोवा, मिजोरम, राजस्थान, दिल्ली जीती

**काकीनाडा, 2 अगस्त (वार्ता)** 15वीं हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के दूसरे दिन शनिवार को डिवीजन 'सी' के मैचों में गोवा ने दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव को 4-0 से हराया। मिजोरम ने गुजरात को 9-0 से हराया। राजस्थान ने तेलंगाना को 6-1 से हराया, वहीं डिवीजन 'बी के पहले मैच में मणिपुर ने उत्तराखंड को 2-0 से हराया। अगले मैच में केरल ने ले पुडुचेरी को 4-2 से हराया। एक अन्य मैच हिमाचल और तमिलनाडु के बीच 2-2 से ड्रॉ रहा। दिन के अंतिम मैच में दिल्ली ने अरुणाचल को 4-2 से हराया। दिल्ली के लिए निशा ने (दूसरे) मिनट, दीपिका ने (18वें) मिनट, अंशिका ने (41वें) मिनट और कप्तान शुभम ने (37वें) मिनट में गोल किए,